<u>कार्यालय– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन (म.प्र.)</u>

|| <u>ज्ञापन</u> || **10 JUN 2024**

जावक कं./ 5918 /2024 उज्जैन, दिनांक –

प्रति,

समस्त न्यायिक अधिकारीगण,
जिला न्यायालय, उज्जैन/खाचरौद,
तराना/बड़नगर/महिदपुर/नागदा

विषय – इस स्थापना पर न्यायिक अधिकारीगण एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण के डिजिटल सिग्नेचर बनवाये जाने के संबंध में।

संदर्भ – माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर का ज्ञापन क. Reg(IT)(SA)/2024/478 दिनांक 06.04.2024 के पालन में।

——0——

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं माननीय रजिस्ट्री जबलपुर के संदर्भित पत्र के पालन में इस न्यायिक स्थापना उज्जैन पर जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय उज्जैन के न्यायिक अधिकारीगण तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारीगण (सिविल रीडर, क्रिमिनल रीडर तथा डिपोजीशन राईटर) के डिजिटल सिग्नेचर माननीय उच्च न्यायालय, म0प्र0 जबलपुर द्वारा अधिकृत <u>ए.आई.एम. टेक्सॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी</u> द्वारा बनवायें जाना है।

अतः उपरोक्तानुसार वर्तमान में जिला न्यायालय उज्जैन एवं समस्त तहसील न्यायालय में पदस्थ जिन न्यायिक अधिकारीगण के डिजिटल सिग्नेचर बने है उन्हें छोडकर तथा समस्त अधीनस्थ कर्मचारीगण <u>(सिविल रीडर, क्रिमिनल रीडर तथा डिपोजीशन राईटर)</u> निम्न दस्तावेज 01. आई.डी.कार्ड की फोटोकॉपी, 02. पेन कार्ड की फोटोकॉपी, 03. अपना ई–मेल आईडी, 04. मोबाइल नम्बर, 05. एक पासपोर्ट साइज फोटो, प्राथमिकता के आधार पर अविलंब कार्यालय में भिजवाये जाने का कष्ट करें जिससे कि डिजिटल सिग्नेचर बनवाये जाने संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्न–निर्धारित एक्सल सीट प्रोफार्मा फॉर्म

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
उज्जैन, जिला उज्जैन.